# आज लियो है गोकुल में अवतार | By Paras Ladla

आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार
रे सब खुशी मनावे बधाई हो
मंगलगान गावे, बधाई हो
हाँ ठाणे मुस्कावे बधाई हो
आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार

यशोदा के अंगना धूम मची
गोकुल की गलियां खूब सजी
गोकुल की गलियां खूब सजी
गोपी ग्वालों की भीड़ लगी
कान्हा के बाबा,
देखो नन्द बाबा खुशियों में करते मोहरो की बौछार
खुशियों में करते अजी मैया बाबा मोहरो की बौछार
सब खुशी मनावे बधाई हो
मंगलगान गावे, बधाई हो
हाँ ठाणे मुस्कावे बधाई हो
आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार

चांदी को पलना रंग भयो
झूले प्यारा ललना जनम भयो
झूले प्यारा ललना जनम भयो
आनंद ही आनंद बरस रयो
बाजे रे बाजे, बाजे शहनाई
चंग नगाड़े की देखो मीठी झनकार
बाजी शहनाई चंग नगाड़े की देखो मीठी झनकार
सब खुशी मनावे बधाई हो
मंगलगान गावे, बधाई हो
हाँ ठाणे मुस्कावे बधाई हो
आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार

मथुरा में जायो माँ देवकी ने
गोकुल में पालो यशोदा ने
गोकुल में पालो यशोदा ने
या के चरण पखारे यमुना ने
आँखों का तारा,
पिता वासुदेव की आँखों का तारा चमका नन्द के द्वार
पिता वासुदेव की आँखों का तारा चमका नन्द के द्वार
सब खुशी मनावे बधाई हो
मंगलगान गावे, बधाई हो
हाँ ठाणे मुस्कावे बधाई हो
आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार

चोखानी ने तन मन वार दियो
पागल ने मंगलाचार कियो
पारस ने मंगलाचार कियो
कान्हा ने बड़ो उपकार कियो
बज गया जी डंका

सारे जगत में देखो जी देखो हो रही जय जयकार
सब खुशी मनावे बधाई हो
मंगलगान गावे, बधाई हो
हाँ ठाणे मुस्कावे बधाई हो
आज लियो है गोकुल में देखो लाला ने अवतार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%85%e0%a4%b5%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0-by/